2 फरीदाबाद

6 अभिमत

9 देश-विदेश

11 फीचर

RNI NO. HARHIN/2018/75109

फरीदाबाद, बुधवार, 13 सितंबर, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



भारतीय खिलाड़ी ई-स्पोर्ट्स में चमक बिखेरने को तैयार

पेज - 12

# अग्रवाल कॉलेज में प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में छात्राओं को कपड़े के कैरी बैग बनाने की कला सिखाने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर एसडीजी क्लब के बैनर तले 29 अगस्त को शुरू किया गया था। विभिन्न कक्षाओं से 20 छात्रों ने भाग लिया और उन्होंने पर्यावरण की रक्षा के लिए बदलाव लाने की मानसिकता के साथ सक्रिय रूप से शिविर में भाग लिया। उन्होंने पुराने और इस्तेमाल किए हुए कपड़ों जैसे चादर, पर्दे वगैरह से कपड़े के कैरी बैग बनाना सीखा। प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने प्रयासों की सराहना की और छात्रों को प्लास्टिक बैग की बजाय कपड़े के कैरी बैग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि कपड़े के बैग पर्यावरण के लिए गैर विषैले होते हैं और कई बार उपयोग किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि कपड़े के कैरी बैग सूक्ष्मजीवों द्वारा विघटित हो जाते हैं, इसलिए पृथ्वी पर कोई प्रदूषण नहीं होता है। विद्यार्थियों ने कपड़े के कैरीबैग बनाकर अपनी रचनात्मकता और उत्साह दिखाया। शविर डॉ. गीता गुप्ता की देखरेख में आयोजित हुआ।